मेयर ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

कार्यक्रम में मेयर के साथ अन्य। आज छाया: हरेन्दर

4/7/18

सिंदरी। एसीसी सिंदरी, नगर निगम तथा स्वावलंबन प्रोजेक्ट के अंतर्गत टेलरिंग एवं अन्य कार्यों का प्रशिक्षण ले रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का कार्यक्रम दिशा सेंटर में हुआ। महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। झारखंड सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के पोशाक के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य में एसीसी सिंदरी सीएसआर के अंतर्गत तथा नगर निगम द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी रवि निवास द्वारा किया गया। महापौर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निगम तथा सरकार की योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा दिया। जियाडा के स्वतंत्र निदेशक सत्येंद्र कुमार ने भी विचार रखे। क्रिएटिव इंडिया के निर्देशक रंजीत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर नगर निगम सिंदरी अंचल के प्रशासक कुणाल सिंह, अर्चना कुमारी, जीएम एचआर सुरेंद्र सिंह व अन्य उपस्थित थे।